# <u>संदेश</u>

भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

मानवाधिकारों के प्रखर पैरोकार, संविधान निर्माता, अर्थशास्त्री और महिला सशक्तीकरण के लिए आवाज उठाने वाले डॉ. आम्बेडकर को एक अग्रणी राष्ट्र-निर्माता के रूप में सम्मान प्राप्त है। डॉ. आम्बेडकर ने भारतीय समाज में समरसता को बढ़ावा देने और जाति-प्रथा के उन्मूलन में विशेष योगदान किया। वे कानून के शासन और गरीबों एवं पिछड़े वर्गों को उनके अधिकार दिलाने के लिए आजीवन प्रयासरत रहे।

भारत की इस महान विभूति के जीवन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। 'सामाजिक और आर्थिक न्याय' तथा 'प्रतिष्ठा और अवसर की समानता' पर आधारित विकसित भारत का निर्माण करके, हम उनके प्रति सच्ची श्रद्धा व्यक्त कर सकते हैं।

**********